समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# सावधान! नवी मुंबई के इन इलाकों मे 14 और 15 मई को नहीं होगी वाटर सप्लाई, NMMC ने लोगों से की ये अपील।

Publisher

Published on 13 May 2025



## एनडीएमसी ने लोगों से अपील की है कि 14 और 15 मई को पानी की किल्लत से बचने के लिए लोग एडवांस पानी स्टोर कर ले. ताकि किसी को पानी की आपूर्ति बाधित होने पर परेशानी न हो.

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भीषण गर्मी का दौर अभी शुरू भी नहीं हुआ कि पानी की किल्लत को लेकर लोग घर से बाहर निकल आवाज उठाने लगे हैं. इस बीच नवी मुंबई नगर निगम ने अगले दो दिनों के दौरान महानगर के कुछ इलाकों में पानी की आपूर्ति बाधित रहने के संकेत दिए हैं. नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) के अतिरिक्त नगर अभियंता सिविल ने कहा कि मुंबई के कुछ इलाकों के लोगों को 14 और 15 मई को पानी की किल्लत झेलनी पड़ सकती है.

नवी मुंबई नगर निगम के अतिरिक्त नगर अभियंता सिविल ने लोगों से अपील की है कि 14 और 15 मई को पानी की किल्लत से बचने के लिए प्रभावित इलाकों के लोग एडवांस पानी स्टोर कर रख लें. ताकि पानी की आपूर्ति बाधित होने पर परेशानी न हो.

इन इलाकों में नहीं होगी पानी की आपूर्ति
नवी मुंबई नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक मोरबे मुख्य जलमार्ग पर अगरोली ब्रिज के पास रेलवे पटरियों के साथ और चिखले गांव के पास पुल के नीचे लगातार पानी के रिसाव को दूर करने के लिए दूसरा चरण का काम 14 मई 2025 को नवी मुंबई नगर निगम द्वारा किया जाएगा.

पानी के पाइपलाइन में मरम्मत कार्य होने कारण भोकरपाड़ा जल उपचार संयंत्र से नवी मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में जलापूर्ति 14 मई को दोपहर 12 बजे से 15 मई के दिन दोपहर 12 बजे तक 24 घंटे के लिए बंद रहेगी. नवी मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र के बेलापुर, नेरुल, वाशी, तुर्भे, सानपाड़ा, कोपरखैरने, घणसोली और ऐरोली प्रभागों में बुधवार शाम को और गुरुवार के दिन सुबह 11 बजे पेयजल आपूर्ति बाधित होने की संभावना है.

एनएमएमसी की लोगों से की ये अपील

दरअसल, 15 मई 2025 को नवी मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में पानी की मुख्य लाइनों पर सीधे नल कनेक्शन और सिडको क्षेत्र में खारघर और कामोठे नोड्स में पानी की आपूर्ति भी दोपहर 12 बजे तक 24 घंटे के लिए बंद रहेगी. अधिकारियों ने नवी मुंबई नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवधि के दौरान पानी का का उपयोग किफायती तरीके से करें.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.